**श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार**

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**

**पंचदीप भवन, सी आई जी मार्ग, नई दिल्ली-110002**

No. ई-13/12/9/2020-ज.सं. दिनांक : 03.11.2020

# प्रेस प्रकाशनी

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

क.रा.बी. निगम मुख्यालय**,** दिल्ली तथा देश भर में क.रा.बी. निगम के क्षेत्र कार्यालयों/अस्पतालों में 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर**, 2020** तक **"सतर्कता जागरूकता सप्ताह**" उत्साहपूर्वक मनाया गया। क.रा.बी. निगम द्वारा लोक हित हेतु की जा रही सतर्कता गतिविधियों के संबंध में स्टेकहोलडर्स और आम जनता में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था

**"सतर्क भारत, समृद्ध भारत"**।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अनुपालन दिनांक 27.10.2020 को अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ के साथ आरंभ हुआ। **श्रीमती अनुराधा प्रसाद**, महानिदेशक, क.रा.बी. निगम ने दिनांक 29.10.2020 को अपने संबोधन भाषण में जीवन में सत्यनिष्ठा तथा ईमानदारी के महत्व पर ध्यानाकर्षित किया। **सुश्री गरिमा भगत**, मुख्य सतर्कता अधिकारी, क.रा.बी. निगम ने भी "मेपिंग इंटिग्रेटी रिस्क प्राक्यूमेंट-ए प्रिवेंटिव विजिलेंस एप्रोच" पर ज्ञानप्रद भाषण दिया जिसे सभी क्षेत्र कार्यालयों/अस्पतालों द्वारा साथ में भाग लिया तथा उसकी सराहना की।

क.रा.बी. निगम मुख्यालय में इस वर्ष की विषयवस्तु के साथ-साथ सतर्कता से संबंधित अन्य मामलों पर आधारित एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें क.रा.बी. निगम के कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। सुश्री श्रेया सिंह (4 से 12 वर्ष वर्ग), सुश्री चाहत मोंगिया (13 से 23 वर्ष वर्ग) तथा सुश्री लक्ष्मी बिस्ट (24 वर्ष व उससे अधिक वर्ग) पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के विजेता थे। इन सभी को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टरों को जनता की जागरूकता के लिए कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा।

*************